1		2	3
39. Koraput	1.	Upper Kolab	
40. Keonjhar	1. 2.	Anandpur Barrage Ph-I Remal	
41. Sundargarh	1. 2.	Sarafgarh Talasara	
Rajasthan			66·42
42. Barmer		..	
43. Bikaner	1.	Rajasthan Canal Stage-II	
44. Churu		Do.	
45. Jaisalmer		Do.	
46. Jhunjhunu		Do.	
47. Jodhpur			
48. Nagpur			
Uttar Pradesh			154·00
49. Chamoli			
West Bengal			23·44
50. Nadia		..	
51. West Dinajpur	1.	Tista Barrage Project	
52. Cooch Behar			
53. Andaman Nicobar Islands			
54. Dadra & Nagar Haveli	1.	Damanganga Project	1·27
55. Laksha Deep		..	..

हुडको द्वारा नौएडा को वित्तीय आवंटन

3957. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री यू० एस० पाटिल :

क्या **निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डिवेलपमेन्ट आथोरिटी, दिल्ली की एल० आई० जी०/एम० आई० जी० आवास योजनाओं के वित्त पोषण के लिये 'हुडको' ने कितनी धन राशि नियत की है;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डिवेलपमेन्ट आवास योजना सम्बन्धी नियमों पर अपनी स्वीकृति दे दी है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त):(क) आवास तथा नगर विकास निगम ने अभी तक निम्न आय वर्ग/मध्यम आय वर्ग आवास योजना या नोएडा की कोई अन्य योजना की वित्तीय व्यवस्था के लिय, कोई धन/निधियां आवंटित नहीं की हैं । तथापि 99.32 लाख रुपये की कुल लागत की एक परियोजना जिसमें आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के लिये 679 तथा निम्न आय वर्ग के लिये 250 मकानों के निर्माण की योजना है, हुडको के विचाराधीन है, इस के लिये 81.60 लाख रुपये के ऋण का अनुरोध किया गया है ।

(ख) नोएडा आवास योजनाओं को प्रशासित करने वाले नियम केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित नहीं किये जाते हैं क्योंकि नोएडा उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम है और आवास राज्य का विषय है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।